


Director
Mr. VIPIN JAIN SIR
(The Symbol of Trust)


Since 2011

# 1 May 2022

# MARVELLOUS

## (A Result Oriented Institute)

An Institute for Civil services Examination

Daily Current Affairs Booster

Follow us on

# Daily Current Affairs

UPSC | MPPSC | NTA NET | MP-SI


Ground Floor, Opposite Puma Showroom, Tower Square, Indore (M.P.)
Helpline & 9981983777, 8817983777, 0731-4370330
Website : marvellousinstitute.com

## 1 मई का इतिहास

- **1840 :** यूनाइटेड किंगडम ने पहला आधिकारिक डाक टिकट को जारी किया।
- **1897 :** स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की।
- **1972 :** देश की कोयला खदानों का राष्ट्रीयकरण किया गया।
- **1914 :** कार निर्माता फोर्ड वह पहली कंपनी बनी जिसने अपने कर्मचारियों के लिए आठ घंटे काम करने का नियम लागू किया।
- **1960 :** महाराष्ट्र को राज्य घोषित किया गया था।

## 1 मई से संबंधित करेंट अफेयर्स

- भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान के अध्यक्ष देबाशीष मित्रा के अनुसार भारत अपने अस्तित्व के 118 वर्षों में पहली बार 21 वें विश्व लेखाकार कांग्रेस एकाउंटेंट्स के कुंभ की मेजबानी करने के लिए तैयार है। कार्यक्रम में 130 देशों के लगभग 6000 शीर्ष एकाउंटेंट्स इस कांग्रेस में भाग लेंगे। यह आयोजन 18 से 21 नवंबर तक चलेगा जिसमें भारत, फ्रांस को पीछे छोड़ देगा। यह कार्यक्रम मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा। वडर्ल कांग्रेस ऑफ एकाउंटेंट्स 2022 का थीम/विषय बिल्डिंग ट्रस्ट इनेबलिंग सस्टेनेबिलिटी होंगा। वर्ल्ड कांग्रेस ऑफ एकाउंटेंट्स सन् 1904 में शुरू हुआ था, और इसे प्रत्येक चार वर्षो में आयोजित किया जाता है।
- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा ओडिशा के कालाहांडी जिले में स्थित असुरगढ़ किले की बस्ती की रेडियोकार्बन डेटिंग की गई। राज्य में प्रमुख फोर्टिफाइड बस्तियों में से असुरगढ़ किले की बस्ती को सबसे पुराना माना गया है। कार्बन डेटिंग के द्वारा इस बस्ती की कालावधि को 9वीं शताब्दी ईसा पूर्व या लौह युग में रखा गया है। असुरगढ़ युग की तुलना ओडिशा के प्रारंभिक ऐतिहासिक स्थलों जैसे शिशुपालगढ़ से की गई है।
- मध्य अफ्रीकी गणराज्य ने बिटकॉइन को अपनी आधिकारिक मुद्रा के रूप में अपना लिया है। इसके साथ ही यह ऐसा करने वाला दूसरा देश बन गया है। इससे पहले एल साल्वाडोर सितंबर 2021 में बिटकॉइन को आधिकारिक मुद्रा के तौर पर अपनाने वाला पहला देश बना था। CAR के सांसदों ने बिटकॉइन को अपनाने के लिये सर्वसम्मति से मतदान किया।
- एं.पी. अब्दुल्लाकुट्टी को भारत की हज समिति के अध्यक्ष के रूप में चुना गया है। इतिहास में पहली बार दो महिलाओं को हज समिति के उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया है जिनके नाम मुन्नावरी बेगम और मफुज खातून है। अल्पसंख्यक मामलों का मंत्रालय भारत में हज यात्रा कराने वाला नोडल मंत्रालय है। भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए हज यात्रा या तो भारतीय हज समिति या अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय द्वारा अनुमोदित हज समूह आयोजकों के माध्यम से आयोजित की जाती है।
- तमिलनाडु सरकार ने घोषणा की है कि राज्य स्तर पर प्रत्येक वर्ष 18 दिसंबर को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के रूप में मनाया जाएगा। राज्य सरकार योजनाओं ओर कल्याणकारी उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन के माध्यम से अल्पसंख्यकों के उत्थान और आर्थिक उन्नति को बढ़ावा देती है। अल्पसंख्यकों की रक्षक होने के नाते सरकार विभिन्न विकास योजनाओं और कल्याणकारी उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन के माध्यम से अल्पसंख्यकों के उत्थान और आर्थिक उन्नति को बढ़ावा देने के लिए अथक प्रयास कर रही है। तमिलनाडु में यह दिन संबंधित जिला अधिकारियों के अधीन जिला स्तर पर मनाया जा रहा है। बाद में इसे राज्य स्तर पर भी मनाने की तैयारी की जाएगी।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने P5 देशों (चीन, फ्रांस, रूस, यू.एस. और यू.के.) की वीटो शक्ति से संबंधित एक प्रस्ताव को अपनाया है। इस प्रस्ताव के तहत सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों को वीटो पावर के उपयोग को सही ठहराने की आवश्यकता होगी। लेकिन भारत ने वीटो पावर के उपयोग के संबंध में संयुक्त राष्ट्र महासभा के इस प्रस्ताव पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। साथ ही भारत ने इस प्रस्ताव की प्रभावशीलता पर भी संदेह जताया है।
- F1 चैंपियन मैक्स वेरस्टापेन को 2022 लॉरियस स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर चुना गया है, जबकि जमैका की ओलंपिक स्प्रिंटर एलेन थॉम्पसन-हेरा को लॉरियस स्पोर्ट्सवुमेन ऑफ द ईयर चुना गया है। यह पुरस्कार 2021 की सबसे बड़ी खेल उपलब्धियों में से एक इतालवी पुरूष फुटबॉल टीम द्वारा यूरोपीय चैंपियनशिप की जीत थी, जिसने परिणामस्वरूप अपना दूसरा लॉरियस टीम ऑफ द ईयर पुरस्कार जीता।
- संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम ने सर डेविड एटनबरो को चैंपियंस ऑफ द अर्थ लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया है। वे जीवविज्ञानी, प्राकृतिक इतिहासकार और जाने माने ब्रॉडकास्टर हैं। यह पुरस्कार उन्हें प्रकृति की सुरक्षा और संरक्षण के लिए रिसर्च, डॉक्युमेंटेशन और एडवोकेसी के प्रति समर्पण के लिए पुरस्कार दिया गया है।
- भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान एलवेरा ब्रिटो का निधन हो गया।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. अंतर्राष्ट्रीय श्रम/मजदूर दिवस (International Labour Day) कब मनाया जाता है ?**

(A) 1 मई (B) 2 मई
(C) 3 मई (D) 4 मई

**(A)** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस की शुरूआत 1 मई 1886 को अमेरिका में एक आंदोलन से हुई थी। इस आंदोलन के दौरान अमेरिका में मजदूर काम करने के लिए 8 घंटे का समय निर्धारित किए जाने को लेकर आंदोलन पर चले गए थे। 1 मई 1886 के दिन मजदूर लोग रोजाना 15-15 घंटे काम कराए जाने और शोषण के खिलाफ पूरे अमेरिका में सड़कों पर उत्तर आए थे। इस दौरान कुछ मजदूरो पर पुलिस ने गोली चला दी थी जिसमें कई मजदूरो की मौत हो गई और 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इसके बाद 1889 में अंतर्राष्ट्रीय समाजवादी सम्मेलन की दूसरी बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें यह ऐलान किया गया कि 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में मनाया जाएगा।




**2. विश्व हास्य दिवस (World Laughter Day) हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) अप्रैल के पहले रविवार को (B) मई के पहले रविवार को
(C) जून के पहले रविवार को (D) जुलाई के पहले रविवार को

**(B)** 2022 में यह दिन 1 मई को मनाया जाएगा। विश्व हास्य दिवस पहली बार 10 मई 1998 को मुंबई में दुनिया भर में हास्य योग आंदोलन के संस्थापक डॉ.मदन कटारिया की पहल पर मनाया गया था।




**3. 21वें वर्ल्ड कांग्रेस ऑफ एकाउंटेंट्स 2022 की मेजबानी कौनसा देश करेगा ?**

(A) भारत (B) श्रीलंका
(C) फ्रांस (D) अमेरिका

**(A)** भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान के अध्यक्ष देबाशीष मित्रा के अनुसार भारत अपने अस्तित्व के 118 वर्षो में पहली बार 21 वें विश्व लेखाकार कांग्रेस एकाउंटेंट्स के कुंभ की मेजबानी करने के लिए तैयार है। यह आयोजन 18 से 21 नवंबर तक चलेगा जिसमें भारत, फ्रांस को पीछे छोड़ देगा।



**4. केंद्र सरकार ने मार्च 2024 तक प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों की संख्या बढ़ाकर कितने हजार करने का लक्ष्य तय किया है ?**

(A) 40 हजार (B) 20 हजार
(C) 10 हजार (D) 30 हजार

**(C)** केंद्र सरकार ने मार्च 2024 तक प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 10 हजार करने का लक्ष्य तय किया है। इस योजना के अंतर्गत अब तक देश के 739 जिले कवर किये गये हैं और पिछले महीने तक आठ हजार 610 जन औषधि केंद्र खोले गए हैं, मंत्रालय ने कहा कि इस योजना से आम लोगों के लगभग 15 हजार करोड़ रूपए की बचत हुई है।




**5. रिलायंस इंडस्ट्रीज कितने लाख करोड़ रूपये के M-Cap तक पहुंचने वाली पहली भारतीय कंपनी बनी ?**

(A) 10 लाख करोड़ रूपये (B) 19 लाख करोड़ रूपये
(C) 22 लाख करोड़ रूपये (D) 25 लाख करोड़ रूपये

**(B)** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड इंट्रा-डे ट्रेड में 19 लाख करोड़ रूपये के बाजार मूल्यांकन के मार्क को छूने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर दिन के दौरान बाजार का हैवीवेट स्टॉक 1.85 प्रतिशत उछलकर 2,827.10 रूपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर तक पहुंच गया।



**6. बच्चों ओर महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार के लिए पोषण पखवाडा 2022 (Nutrition Fortnight 2022) का आयोजन किस मंत्रालय ने किया है ?**

(A) महिला और बाल विकास मंत्रालय
(B) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय
(C) नागरिक उड्डयन मंत्रालय
(D) केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय

**(A)** महिला और बाल विकास मंत्रालय ने बच्चों और महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार के लिए पोषण पखवाडा 2022 का आयोजन किया है। इस पखवाडा का उद्देश्य जल प्रशासन, सरक्षण में महिलाओं की भूमिका को बढ़ावा देना और जल प्रबंधन में लैगिक जागरूकता बढ़ाना है।




**7. भारत की हज समिति के नए अध्यक्ष कौन बने ?**

(A) मनोज सिन्हा (B) संजय गुप्ता
(C) ए.पी.अब्दुल्लाकुट्टी (D) मुख्तार नकवी

**(C)** इसके साथ ही इतिहास में पहली बार दो महिलाओं को हज समिति के उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया है जिनके नाम मुन्नावरी बेगम और मफुजा खातून है। सी.मोहम्मद फैजी को भारतीय हज समिति के सदस्य के रूप में 31 मार्च 2025 तक 3 साल की अवधि के लिए नियुक्त किया है।



**8. चैंपियंस ऑफ द अर्थ (Champions Of The Earth) लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड 2021 किसे दिया गया ?**

(A) विनोद काम्बली को (B) सर डेविड एटनबरो को
(C) बलमदिर पुतिन को (D) डोनाल्ड ट्रम्प को

**(B)** चैंपियंस ऑफ द अर्थ लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड 2021 सर डेविड एटनबरो को दिया गया है। सर डेविड एटनबरो जीवविज्ञानी प्राकृतिक इतिहासकार और जाने-माने ब्रॉडकास्टर है। यह पुरस्कार उन्हें प्रकृति की सुरक्षा और संरक्षण के लिए रिसर्च, डॉकुमेंटेशन और एडवोकेसी के प्रति समर्पण के लिए पुरस्कार दिया गया है।



**9. निम्नलिखित में से किस संगठन द्वारा धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट 2022 जारी की गई है?**

(A) संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन
(B) अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर संयुक्त राज्य आयोग
(C) नीति आयोग
(D) संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद

**(B)** हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय धामिक स्वतंत्रता पर संयुक्त राज्य आयोग ने लगातार तीसरे वर्ष भारत को 2021 में धार्मिक स्वतंत्रता का सबसे अधिक उल्लघंन करने वाले देशों की सूची में रखने की सिफारिश की है। यह अमेरिकी कॉंग्रेस के लिए एक सलाहकारी निकाय है।




**10. जॉन एफ कैनेडी प्रोफाइल इन करेज पुरस्कार 2022 से किसे सम्मानित किया गया है?**

(A) रसेल रस्टी बोवर्स (B) वलोडिमिर जेलेंस्की
(C) जॉक्लिन बेन्सन (D) उपयुर्क्त सभी

**(D)** जॉन एफ कैनेडी पुरस्कार वर्ष 2022 में 5 व्यक्तियों को प्रदान किया गया है। चुने गए व्यक्तियों मे वलोडिमिर जेलेंस्की, लिज चेनी, जाक्लिन बेन्सन, रसेल रस्टी बोवर्स और वांड्रिया शाय मास शामिल है। यह पुरस्कार अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जॉन फिट्जगेराल्ड कैनेडी के परिवार द्वारा अच्छे और अलोकप्रिय पदों को अपनाकर अपने करियर को जोखिम में डालने वाले सार्वजनिक हस्तियों को प्रदान किया जाता है।



# MARVELLOUS

## INSTITUTE FOR CIVIL SERVICES

**(A RESULT ORIENTED INSTITUTE )**

**Since 2011**

MPPSC की तैयारी के लिए VIPIN सर ही क्यों ?





**Director :-**
**MR. VIPIN JAIN SIR**
**(The Symbol of Trust)**

MSC Mathematics
MPA Public Administration , NET
MPH Philosophy (Gold Medalist) , NET
MPS Political Science , NET Qualified
MSO Sociology
MHD Hindi Literature Etc

**Opposite Puma showroom, Tower Square, Indore**
**CONTACT :- 9981983777, 8817983777**